30 अप्रैल तक नगरीय क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जारी

नगर आयुक्त ने अपने सहायकों के साथ अलग-अलग क्षेत्रों का किया निरीक्षण

शाहजहाँपुर संवाददाता

शासन द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन मे नगर आयुक्त संतोष शर्मा के निर्देश पर वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान अन्तर्गत रविवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रो मे विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। जिसका नगर आयुक्त ने अपनी टीम को अलग-अलग निर्देश देते हुये नगरीय क्षेत्रो का दौरा किया ।

नगर मे सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किये जाने के उद्देश्य से नगर निगम ने सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको का नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। नगर आयुक्त श्री संतोष ने समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को निर्देश दिये कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। दिये गये निर्देशो मे समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको द्वारा अपने-अपने क्षेत्रो मे रोस्टर के अनुसार विशेष सफाई अभियान चलाया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के सफाई जोन-1 मे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख मे लोधीपुर नई बस्ती, सफाई जोन-2 मे सफाई मे खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख मे मक्कू बजरिया, सफाई जोन-3 मे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह की देखरेख मे खलीलशर्की , सफाई जोन-4 मे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख मे रंगमहला, सफाई जोन-5 मे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख मे सराय काईयां मे विशेष सफाई अभियान चलाया गया । नगर क्षेत्र मे सफाई जोन-1 मो0 लोधीपुर मे चलाये जा रहे विशेष संचारी अभियान मे अन्तर्गत सफाई के कार्य का निरीक्षण नगर आयुक्त ने किया गया। निरीक्षण क के दौरान उन्होंने स्वयं अपनी देखरेख मे कराकर निर्देश दिए कि जहाँ कही खुली नालियां हो उनको ढक दिया जायें व नगर क्षेत्र मे फागिंग का कार्य नियमित रूप से कराया जाए.नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण स्थल पर दिन मे लाइट जली मिलने पर नारजगी व्यक्त करते हुये संबन्धित को निर्देशित किया गया कि दिन मे समय कहीं कोई लाइट जलती न पाई जायें । निरीक्षण के समय नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार एवं क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट-फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय-समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु सहायक अभियंता जल को निर्देश दिये गये।